कुटुंब क्लब की वार्षिक बैठक आयोजित

कोटा, (निसं)। कुटुंब क्लब की ओर से गुरुवार को एक निजी होटल में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2026 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में वर्ष 2026 की कार्यकारिणी के लिए संतोष गर्ग को अध्यक्ष, रेखा शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया, जबकि निलेश विजय को पुनरू कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। इस अवसर पर कुटुंब क्लब की ओर से नवनियुक्त टीम का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। नई कार्यकारिणी ने सेवा को ही धर्म मानते हुए पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ सामाजिक सेवा करने का संकल्प लिया। इसी के साथ लक्ष्मी अग्रवाल और ज्योति गुप्ता को आगामी वर्ष 2026 में कार्यक्रम संयोजिका के रूप में नियुक्त किया गया। आशा विजय ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर ऋचा गुप्ता, राधा अग्रवाल, बबीता भार्गव, मधु विजय, लता सोनी, रमा गुप्ता, लवीना, रोली पांडेय, प्रीति विजय व दीपा आदि उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम फातिमा से बदलकर नया नाम फातेमा रंगवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-फातेमा रंगवाला पुत्री मुर्तजा, 86, बोहरा मस्जिद के पास, टिपटा, कोटा

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फूल माली सैनी विकास (महासंघ) समिति जिला कोटा राज. पंजीकृत संख्याः 182/कोटा /97-98 के 3 वर्ष के चुनाव समिति आम सभा प्रस्ताव दिनांक 25.12.2025 के अनुसार निम्न है-

दिनांक 27.12.2025 नामांकन आवेदन प्रस्तुत एवं दिनांक 28.12.2025 चुनाव व परिणाम घोषित किए जाएंगे।

आज्ञा से
हर्षित गौतम (एडवोकेट)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
मो. 9829775460

एलन कोटा विक्ट्री कार्निवल में सफलता का सम्मान

- चैंपियंस बोले... एलन है तो मुमकिन है, कोटा है तो ही कॅरियर है
- 5 हजार से अधिक भावी इंजीनियर्स और मेडिकोज हुए शामिल

कोटा, (निसं)। कॅरियर सिटी कोटा का सबसे बड़ा सक्सेस सेलीब्रेशन गुरूवार को एलन विक्ट्री कार्निवल के रूप में आयोजित किया गया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा की ओर से आयोजित यह विक्ट्री कार्निवल दशहरा मैदान में हुआ, जहां वर्ष 2025 की जेईई मेन-एडवांस्ड व नीट-यूजी में सफल हुए स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक भावी डॉक्टर व इंजीनियर्स और उनके अभिभावक पहुंचे। कार्यक्रम में जब देशभर की आईआईटीज, एनआईटी, एम्स और मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे चौम्पियन स्टूडेंट्स मिले तो कोटा की यादें ताजा हो गई और सभी बोले... एलन है तो मुमकिन है और कोटा है तो ही कॅरियर है। कोटा जैसा कोई दूसरा शहर नहीं हो सकता। कार्निवल में कॉलेज सलेक्शन के बाद पुराने दोस्त मिले। जैसे-जैसे स्टूडेंट्स पहुंचते गए, अन्दर शोर बढ़ता गया। ग्रुप बनने लगे और फिर कहीं फिल्मी गीतों पर डांस हुआ तो कहीं सैल्फी और फोटो का दौर चला। अपने-अपने कॉलेज के अनुभव बांटना शुरू किया, इसके साथ ही कोटा की यादें ताजा की। यहां के पुराने दिन याद किए।

कार्यक्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने भावी इंजीनियर्स व मेडिकोज का सम्मान किया। इस दौरान स्टूडेंट्स के साथ उनके पैरेन्ट्स भी मंच पर पहुंचे और सफलता की खुशी में शिक्षकों के साथ थिरके। विक्ट्री कार्निवल में फैकल्टीज और स्टूडेंट्स का मिलन भी हुआ। जेईई और नीट के परिणामों के बाद ये स्टूडेंट्स अपने-अपने कॉलेजों में पहुंच चुके हैं और वहां पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब कोई छह महीने बाद तो कोई तीन महीने बाद कोटा लौटा। विक्ट्री कार्निवल में जब फैकल्टीज से मिले तो पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सेल्फी भी ली। फैकल्टीज ने भी स्टूडेंट्स कॉलेज की जानकारी ली, वहां हो रही पढ़ाई के बारे में पूछा।

बड़ा मैदान, बड़ा रिजल्ट, इसीलिए टॉपर्स का सबसे बड़ा मेलाः- कोटा में एलन विक्ट्री कार्निवल टॉपर्स के मेले के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुका है। एक ऐसा आयोजन जिसमें देशभर की आईआईटी, एम्स, एनआईटी, मेडिकल कॉलेज और बड़े संस्थानों में पढ़ने वाले टॉपर्स शामिल होते हैं। अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कॅरियर बनाने में सफल रहे विद्यार्थियों का ऐसा मेला सिर्फ कोटा में आयोजित किया जाता है। कोटा देश में इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं का सबसे बड़ा मैदान है और इसीलिए यहां से सबसे बड़ा रिजल्ट भी आता है, इसीलिए यहां टॉपर्स का मेला भी सबसे बड़ा होता है।

शिक्षा संबल से सफलता और गुदड़ी के लाल का सम्मानः- एलन शिक्षा संबल अभियान में एलन कोटा में निःशुल्क पढ़कर मेडिकल कॉलेज पहुंची प्राची पटेल का सम्मान किया गया। प्राची परिजनों के साथ मंच पर पहुंची और एलन शिक्षा संबल को वरदान बताया। प्राची मध्यप्रदेश के रीवा के श्यामशाह मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत है। इसके साथ ही बाड़मेर के चौहटन के अति निर्धन परिवार का देराज राम भी परिवार के साथ मंच पर पहुंचा। देराज के पिता मजदूरी करके परिवार चलाते हैं। देराज एम्स जोधपुर में अध्ययनरत है। दोनों विद्यार्थियों को गुदड़ी के लाल स्कॉलरशिप के तहत ग्रेजुएशन तक के लिए प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी।

संस्कार से सफलता तक की सीखः- एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने कहा कि फेकल्टीज ने अच्छे डॉक्टर और इंजीनियर बनने के साथ-साथ अच्छा इंसान बने रहना है। अपने परिवार, समाज की सेवा का भाव सदैव मन में रखें। निदेशक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि हर विद्यार्थी अपने संकल्प से स्वयं की पहचान कायम करें। आपके नाम से आपके परिजनों को जाना जाऐं, परिवार और शहर को जाना जाए। सभी सम्मिलित प्रयासों से ही अच्छे परिणाम आते हैं। हम सब मिलकर इसी तरह लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे तो ये बच्चों के सपने पूरे होंगे। निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को समाज के लिए सेवा का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर बनने के साथ अच्छा इंसान बनना भी जरूरी है। निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने कहा कि एलन हर क्षेत्र में विद्यार्थियों का भविष्य बनाने के लिए संकल्पित है। विद्यार्थी को अपने संकल्प के पूरे होने तक पढ़ते रहना है। अपने काम पर फोकस करते हुए यदि हम आगे बढ़ते रहेंगे तो निश्चित तौर पर अलग मुकाम स्थापित करेंगे।

'हर दिन को सुशासन दिवस मानकर काम करें'

कोटा, (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नगर निगम में गुरूवार को अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राज्य सुशासन सप्ताह की भी शुरूआत हुई। नगर निगम के प्रशासनिक भवन के स्वागत हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी युगदृष्टा थे। उनकी सोच समय से कहीं आगे थी, जिसने भारत की प्रगति की नई दिशा तय की। उनकी जयंती को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

परन्तु उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेते हुए हम साल के प्रत्येक दिन को सुशासन दिवस मानकर काम करना चाहिए। हमारा प्रयास होना चाहिऐं कि निगम कार्यालय में आए प्रत्येक व्यक्ति की आशा और अपेक्षा पूरी हो। उसको राहत प्रदान करना हमारा प्राथमिक दायित्व होना चाहिऐं। इस उद्देश्य कर प्राप्ति के लिए हम दिन और समय की सीमा को बाधा नहीं बनने दें, यही अटल जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को अतिरिक्त आयुक्त हरबिन्दर ढिल्लन सिंह, उपायुक्त भावना सिंह, दयावती सैनी, अधीक्षण अभियंता महेश चंद्र गोयल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जितेन्द्र वीरेंद्र बग्गा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी अवधेश जोशी तथा एनयूएलएम जिला प्रबंधक डॉ.हेमलता गांधी ने भी सम्बोधित किया।

विरासत-2025 और क्रिसमस का उत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। मोदी पब्लिक स्कूल दादाबाड़ी में वार्षिक समारोह-विरासत 2025 और क्रिसमस का उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश मेहरा आयुक्त नगर निगम कोटा और विशिष्ट अतिथि मोदी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इस्टीट्यूट के चेयरमेन सुशील मोदी और ग्रुप निदेशक राघव मोदी रहे।

अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत प्राचार्य अजय सिंह द्वारा पौधा भेंट करके किया गया। चैयरमेन सुशील मोदी ने बताया कि वार्षिक समारोह-विरासत 2025 में देश के विभिन्न प्रदेशों के रंगारंग सामूहिक विशेषकर राजस्थान और गुजरात प्रदेशों के घूमर, गरबा, भवाई आदि नृत्यों की प्रस्तुतियाँ दी गई। राजस्थान के गौरवशाली परम्परागत इतिहास पर सामूहिक गीतों ने समा बाँध दिया। विद्यार्थियों द्वारा ड्रामा के माध्यम से संदेश दिया सीखने की कोई उम्र नहीं होती जीवन भर हम विद्यार्थी रहते हैं। ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि विधारथियों द्वारा रामायाण और शिव तांडव के ऊपर नृत्य नाटिका ने सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के मध्य में अबेकस के माध्यम से गणतीय संक्रियाओं को सरलता से समझाया गया। किशोर और युवा वर्ग में मोबाईल की लत पर एक व्यंग्यात्मक नाटक किया गया जिसको देखकर सभी गुदगुदाने पर मजबूर हो गये। हिन्दू स्थान के शौर्य सपूत शंभाजी महाराज पर नृत्य नाटिका छावा ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए सहशैक्षिक गतिविधियों का होना आवश्यक है, मोदी पब्लिक स्कूल द्वारा इस वार्षिक समारोह का विषय विरासत-2025 द्वारा देश की संस्कृति और गौरव विशेषकर राजस्थान की वीर धरती पर गर्व करने का शिक्षा मिलती है साथ ही अपने सभ्यता और संस्कृति की महानता का पता चलता है और विद्यार्थी संस्कारित होते हैं। मुख्य अतिथि द्वारा जिला और प्रदेश स्तर पर उपलब्धियों को ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

सार-समाचार

ऑनलाईन सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई

कोटा, (निसं)। शहर पुलिस की ओर से नये कानून एवं कानूनी संबधी जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर आयोजित तीन दिवसीय नव विधान-न्याय की नई पहचान प्रदर्शनी का समापन गुरूवार को हुआ। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु लोगों को ऑनलाईन सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। शहर एसपी ने कहा कि प्रदर्शनी मे नशा मुक्त समाज के निर्माण के उदेश्य से पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन गरूड़व्यूह के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं से नशा मुक्त कोटा के निर्माण का आहान किया गया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में आने वाले आमजन, समाजबन्धुओं व स्कूली बच्चों को नवीन अपराधिक कानूनों, न्यायिक प्रकिया, महिला एवं बाल सुरक्षा, साईबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमो तथा पुलिस जनसहभागिता से संबधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रदर्शनी के समापन पर सेना के मेजर जनरल संजय कांडपाल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, गांडीव डिविजन, पुलिस उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गौयल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्यनारायण व्यास, शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर, उप वन संरक्षक मुथु एस, रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा एवं गौमाता महोत्सव

रामगंजमंडी, (निसं) क्षेत्र में पहली बार होने जा रही बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा एवं गौमाता महोत्सव की तैयारियों के बीच गुरुवार को बागेश्वर धाम के सेवक दीपक तिवारी ने मंच पर रखी कुर्सी को हटाकर मातृशक्ति के बीच नीचे बैठकर बैठक की शुरुआत की और स्पष्ट संदेश दिया कि उनके लिए दीपक तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान के बिना कोई भी धार्मिक आयोजन पूर्ण नहीं हो सकता और कलश यात्रा से लेकर श्रीराम कथा एवं गौमाता महोत्सव तक मातृशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सातलखेड़ी में आयोजित इस बैठक में हजारों महिलाओं ने एक स्वर में 22 जनवरी को निकलने वाली भव्य कलश यात्रा में पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागी बनने का संकल्प लिया। पूर्व सरपंच शांति बाई एवं वर्तमान सरपंच सुषमा गोठवाल ने दीपक तिवारी तथा समाजसेवी नितिन शर्मा का तिलक लगाकर पारंपरिक स्वागत किया। इसके पश्चात प्रभु श्रीराम के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मुंबई-अमृतसर एक्सप्रेस का सरहिंद में अस्थायी ठहराव

कोटा, (निसं)। शहीदी जोड़ मेला, फतेहगढ़ साहिब के आयोजन के दृष्टिगत यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोटा मंडल से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12903/12904 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस का अंबाला मंडल के सरहिंद रेलवे स्टेशन (स्टेशन कोड एसआईआर) पर 25 दिसंबर 2025 से 27 दिसंबर 2025 तक दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है, जिसके तहत गाड़ी संख्या 12903 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर एक्सप्रेस सरहिंद स्टेशन पर 19.45 बजे पहुंचेगी एवं 19.47 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 12904 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस का ठहराव 22.04 बजे से 22.06 बजे तक रहेगा, जिससे शहीदी जोड़ मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

सुशासन दिवस पर शपथ ली

कोटा, (निसं)। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा ने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राधा शर्मा, वरिष्ठ सहायक स्नेहा अटल, चाईल्ड हेल्पलाईन के जिला समन्वयक नरेश मीणा, काउंसलर महिमा पांचाल, सुपरवाईजर जयवीर खटाना, उमेश गौतम, बंटी सुमन ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की।

कार्यालय नगर परिषद बारां

क्रमांक : नपबा/राजस्व शाखा/2025/8563 दिनांक : 17.12.2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मेघा जैन पत्नी श्री अजय कुमार जैन निवासी बारां का आवेदन नाम हस्तान्तरण चाहने वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख क्रमांक 830 दिनांक 04.02.2005 भूखण्ड संख्या 1 से 61 तक माप 8666 वर्गगज योजना शिव वाड़ी बारां का श्री ओमप्रकाश बरवाडिया पुत्र श्री जगन्नाथ बरवाडिया के नाम जारी किया गया था। तत्पश्चात पट्टाधारक द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 13.05.2006 से भूखण्ड संख्या 15 माप 1250 वर्गफीट को श्रीमति पुष्पा जैन पत्नी श्री कमलचन्द जैन को बेचान कर दिया गया। एवं श्रीमति पुष्पा जैन पत्नी श्री कमलचन्द जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड दान पत्र दिनांक 15.04. 2021 से उक्त भूखण्ड को श्रीमति मेघा जैन पत्नी श्री अजय कुमार जैन को दान कर दिया। इसी आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमति मेघा जैन पत्नी श्री अजय कुमार जैन के नाम किया जाना है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन्तर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजो के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करे। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

कार्यालय नगर परिषद बारां

क्रमांक : नपबा/भूमि रूपां/2025/8979 **भू उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति** दिनांक : 24.12.2025

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति मे रखा जाना प्रस्तावित है। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र सं	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जोन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	श्री मनोज कुमार जैन पुत्र श्री विमल चन्द जैन निवासी दीनदयाल पार्क आर्य वाटीका के सामने बारां तह. बारां जिला बारां (राज.)	नलका खसरा नं. 431 भूखण्ड संख्या K कोटा रोड बारां	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	147.77 वर्गमीटर में से 83.73 वर्गमीटर	

आयुक्त
नगर परिषद बारां

छबड़ा में बेशकीमती वन भूमि पर अतिक्रमण, हो रही खेती

छबड़ा (निसं)। यहां बेशकीमति वन भूमि पर धड़ल्ले से अतिक्रमण कर खेती करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ऐसे में अतिक्रमियों के खिलाफ कार्रवाई नही करना संरक्षण व मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण हजारो बीघा वन भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है। कब्जाधारियों के सामने स्थानीय वन विभाग असहाय दिखाई पड़ रहा हैं। ऐसे में सवाल उठता हैं कि विभाग की ही जमीन को आखिर कौन मुक्त कराएगा।

जानकारी अनुसार छबड़ा क्षेत्र के हर वन नाका क्षेत्र के इलाके में घना जंगल हुआ करता था। लेकिन अब धीरे-धीरे जंगलों का घनत्व कम होता जा रहा है। जंगलों में वन भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण लिया हैं, जहां बड़े पैमाने पर कृषि की जाने लगी हैं। ऐसे अतिक्रमियों के खिलाफ विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते अतिक्रमियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। इससे पर्यावरण प्रेमियों में रोष पनपने लगा हैं। नाको में विभागीय कार्मिको की माफियाओं से सांठ-गांठ से भी इंकार नही किया जा सकता हैं, क्योकि बिना सांठ-गांठ के ये संभव भी नही हैं। वनों की सुरक्षा और उनका संवर्धन करने की जिम्मेदारी वन विभाग पर है। बावजूद इसके क्षेत्र के अतिक्रमियों के हौसले बढते ही जा रहे हैं। ऐसे मामलो को गंभीरता से नही लेना विभागीय कार्यशैली पर प्रश्न चिंह खड़ा करता है। बताया जा रहा हैं वन विभाग के अंतर्गत छबडा, जैपला, कडैयाहाट, पाली, रामपुरिया, दिलोद नाके आते हैं। जिनके अंतर्गत आने वाले कई गांवो में बड़ी संख्या में बेशकीमती वन भूमि पर अतिक्रमण चला आ रहा हैं। जिनमें अवैध तरीके से खेती की जा रही है। विभाग को सबकुछ ज्ञात होते हुए मौन धारण कर चुप्पी साधे बैठा हुआ है।

मोशन एजुकेशन के 49 विद्यार्थियों का एन.एस.ई. में चयन

कोटा, (निसं)। इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी) की ओर से गत 22 और 23 नवंबर को आयोजित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन (एनएसई) के परिणाम में मोशन एजुकेशन के कोटा सेंटर के 49 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर छात्रों व फैकल्टी ने गुरुवार को मोशन के द्रोणा-2 कैम्पस में केक काटकर जश्न मनाया। इस दौरान मोशन के ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव, सीनियर फैकल्टी दीपक जोशी, फिजिक्स डिपार्टमेंट के एचओडी चंद्रशेखर शर्मा, फाउंडेशन डिवीजन के अकेडमिक हेड मुकेश गौड़ और टैलेंट नर्चर टीम लीड चितरंजन जैन मौजूद रहे।

इस दौरान संस्थान में उत्साह का माहौल रहा और चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इनमें आयुष उत्सव, प्रियांश भारद्वाज, आयुष आनंद, सार्थकपति ने शानदार स्कोर किया। मोशन एजुकेशन के फाउंडर सीईओ नितिन विजय ने बताया कि नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन भारतीय विज्ञान ओलंपियाड का पहला चरण मानी जाती है। यह परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, खगोल विज्ञान और जूनियर साइंस जैसे विषयों में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करती है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे भारतीय राष्ट्रीय ओलंपियाड और फिर अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड के लिए चयनित होने का अवसर मिलता है। यानी यह परीक्षा वैज्ञानिक प्रतिभा के चयन और संवर्धन का महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। मोशन प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, फैकल्टी की मार्गदर्शन प्रणाली और नियमित टेस्ट-प्रैक्टिस को दिया। संस्थान के ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी ने कहा कि एनएसई में चयन केवल परिणाम नहीं, बल्कि छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कॉन्सेप्ट-बेस्ड लर्निंग का प्रमाण है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अगले चरणों में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

कुल भूखण्ड 391	अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी 13	वाणिज्यिक भूखण्ड 119	आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग 68	वे ब्रिज 07	गोदाम 03
दुकानें/ शोरूम 139	होटल/ रेस्टोरेन्ट 13	पेट्रोल पम्प/ फ्यूल फिलिंग स्टेशन 07	स्कूल 07	संस्थानिक 10	कियोस्क 05

ईएमडी अंतिम तिथि: 29 दिसम्बर, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 30 दिसम्बर, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 02 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

13	आबू रोड़	07	चूरू	05	नागौर	07	उदयपुर
15	अजमेर	10	बीकानेर	19	पाली	21	जयपुर (उत्तर)
23	अलवर	09	झुंझुनू	18	झालावाड़	02	जयपुर (दक्षिण)
13	भिवाड़ी-I	20	भरतपुर	28	किशनगढ़	08	जयपुर (ग्रामीण)
13	भिवाड़ी-II	01	बालोतरा	19	राजसमंद	12	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
15	घिलोठ	30	भीलवाड़ा	10	कोटा	09	जोधपुर
04	दौसा	22	नीमराना	08	सीकर	07	श्रीगंगानगर
13	सवाईमाधोपुर			10	बोरानाडा		

राज.संवाद/सी/25/16464

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in